मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद।

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 (HPCL) द्वारा गाटा सं0–926/4 व 926/5 राजस्व ग्राम खरगपुर बाजे, जिला–मुरादाबाद की भूमि पर *'सिटी गेट स्टेशन (गैस स्टेब्लिसमेन्ट)'* क्रिया का भवन मानचित्र, ऑनलाईन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (UPOBPAS) पोर्टल पर मानचित्र आवेदन सं0–**MBDA/BP/22-23/0690** स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। मुरादाबाद महायोजना–2021 के अन्तर्गत संदर्भित भूमि का भू–उपयोग '**कृषि**' के रूप में प्रदर्शित है। मुरादाबाद महायोजना–2021 के जोनिंग रेगुलेशन्स के प्राविधानों के अन्तर्गत 'कृषि' भू–उपयोग में 'गैस अधिष्ठान' क्रिया विशेष अनुमति से अनुमन्य है, जिसे मा0 प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अनुमन्य किया गया है।

मुरादाबाद महायोजना–2021 के जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार विशेष अनुमति से अनुमन्य किये जाने सम्बन्धी मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व एक माह की समयावधि के अन्तर्गत जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। उक्त प्राविधानों के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रकरण में जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है।

अतः प्रस्तुत प्रकरण में यदि कोई व्यक्ति/संस्था अपनी आपत्ति/सुझाव देना चाहे, तो उक्त 'सार्वजनिक सूचना' के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से एक माह की समयावधि के अन्तर्गत अपनी आपत्ति/सुझाव नियमानुसार नया मुरादाबाद, दिल्ली रोड स्थित मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद, कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव,
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण
मुरादाबाद